दिनांक : 25.02.2026 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री - इस्राइल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह इस्राइल की यात्रा पर रवाना हुए। यह उनकी दूसरी इस्राइल यात्रा है। इस दौरान श्री मोदी इस्राइल के प्रधानमंत्री बेन्यामिन नेतन्याहू के साथ दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी में हुई महत्वपूर्ण प्रगति की समीक्षा करेंगे। बैठक में विज्ञान और प्रौद्योगिकी, नवाचार, रक्षा और सुरक्षा, कृषि, जल प्रबंधन, व्यापार और अर्थव्यवस्था, दोनों देशों के लोगों के बीच आदान-प्रदान सहित कई क्षेत्रों में सहयोग के अवसरों पर बातचीत होगी। पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचार-विमर्श की संभावना है।

विधानसभा के बजट सत्र के सातवां दिन कल किसानों के लिए ऐतिहासिक रहा। विपक्ष के हंगामे के बीच मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सदन में बड़ी घोषणाएं कीं। अब प्रदेश के किसानों को **उड़द की दाल पर 600 रुपये प्रति कुंटल का बोनस** मिलेगा, वहीं **सरसों को भावांतर योजना** में शामिल कर लिया गया है। सदन के बाहर मुख्यमंत्री ने संसद के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की भोपाल में कल आयोजित चौपाल को सियासी स्टंट बताते हुए कहा कि हमारी सरकार ज़मीन पर किसानों को समृद्ध कर रही है।

शिवराज-कृषि विज्ञान मेला

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में पूसा कृषि विज्ञान मेले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री चौहान ने कहा कि सरकार उर्वरकों की उपलब्धता को मजबूत कर रही है, नकली कीटनाशकों की बिक्री पर अंकुश लगा रही है और किसानों को ऋण सुविधा प्रदान करने के लिए जल्द ही किसान पहचान पत्र जारी करेगी।

कार्यशाला

भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 'आजीविका विपणन क्षमतावर्धन कार्यशाला' का शुभारंभ करेंगे। इस पहल के तहत स्व-सहायता समूहों के उत्पादों को अब अमेज़न जैसे बड़े ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही, इंडिया पोस्ट और अन्य संस्थाओं के साथ एमओयू होने से समूहों को लॉजिस्टिक और मार्केटिंग में मदद मिलेगी। आज ही ग्वालियर में 'आजीविका मार्ट' और जबलपुर एयरपोर्ट पर नए आउटलेट की भी शुरुआत होगी।

अवॉर्ड

नयी दिल्ली में आयोजित 'बिल्ड इंडिया इंफ्रा अवॉर्ड्स' में बुरहानपुर जल प्रदाय परियोजना को **'सोशल इंपैक्ट एक्सीलेंस'** अवॉर्ड से नवाजा गया है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और सी.आर. पाटील ने यह सम्मान प्रदान किया। विश्व बैंक के सहयोग और स्काडा तकनीक से लैस इस प्रोजेक्ट के जरिए अब बुरहानपुर के 41 हजार घरों को रोजाना प्रति व्यक्ति 135 लीटर शुद्ध पानी मिल रहा है।

आजीविका मार्ट

ग्वालियर के फूलबाग स्थित संभागीय हाट बाजार में आज से स्व-सहायता समूहों के उत्पादों को एक स्थायी ठिकाना मिल रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज **'आजीविका मार्ट'** का वर्चुअल शुभारंभ करेंगे। यहाँ समूहों द्वारा निर्मित शुद्ध और हस्तशिल्प उत्पाद साल भर उपलब्ध रहेंगे। साथ ही, 27 और 28 फरवरी को **'होली के रंग, आजीविका के संग'** विशेष मेला भी सजेगा। कलेक्टर रुचिका चौहान ने शहरवासियों से इन दीदियों को प्रोत्साहित करने और जमकर खरीदारी करने की अपील की है।

सर्वोच्च न्यायालय - भ्रष्टाचार अध्याय

सर्वोच्च न्यायालय ने कक्षा 8 की एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के उल्लेख का स्वतः संज्ञान लेते हुए इसे गंभीर चिंता का विषय बताया। नय्यायालय की इस पीठ में मुख्य न्यायाधीश नय्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची तथा विपुल एम. पंचोली शामिल हैं। वरिष्ठ

अधिवक्ता कपिल सिबब्बल ने न्यायालय के समक्ष कहा कि कक्षा 8 के बच्चों को न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के बारे में पढ़ाया जा रहा है, जो अत्यंत चिंताजनक है।

शिविर

प्रदेश के सभी नगरीय निकायों द्वारा बकाया टैक्स और राजस्व वसूली के लिए आज प्रदेशभर में विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। नगरीय प्रशासन आयुक्त ने निर्देश दिए हैं कि सभी निकाय डिजिटल माध्यम से शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करें। नागरिक आज ऑनलाइन या ऑफलाइन मोड में अपना संपत्ति और जल कर आसानी से जमा कर सकते हैं।

समाचार संक्षेप में .....

- **शिवपुरी** जिले में दो दिन पहले हुई असामयिक वर्षा एवं ओलावृष्टि के कारण संभावित फसल हानि के दृष्टिगत समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को प्रभावित क्षेत्रों का त्वरित सर्वे कराने के निर्देश जारी किए गए हैं।
- **कटनी** जिले में होली, धुरेड़ी, नवरात्रि, रामनवमी, चैत्री चांद झूलेलाल जयंजी, ईद-उल-फितर आदि पर्व शांति एवं सद्भावनापूर्वक मनाये जाने की दृष्टि से विचार-विमर्श के लिये कलेक्टर की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई ।

....